राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - हिंदी

पाठ - 16 : अनपढ़ बनाए रखने की साजिश

कार्यपत्रक - 16

1. संपादकीय एक नवीन विधा कैसे है और यह अन्य विधाओं से अलग क्यों है? पाठ के आधार पर उल्लेख कीजिए।
2. ''साक्षरता की समस्या आज देश के समक्ष एक प्रमुख चुनौती है? पाठ के उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
3. "पढ़ना बहुत खतरनाक चीज है। इससे आदमी को सोचने,समझने और कुछ करने की बीमारी लग जाती है।" पाठ के इस विचार को आज के युग में आप कितना प्रासंगिक मानते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।
4. ''अनपढ़ बनाए रखने की साजिश" संपादकीय किताबों को पढ़ने के प्रति हमें किस हद तक जागृत करने में सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए।
5. आम लोगों को शिक्षा से वंचित रखने के उद्देश्य से सामंतवादी और पूंजीपति द्वारा विषम परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं? लेखक के इस विचार के संबंध में आपकी क्या राय है? उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।
6. 'या खुदा ए प्रायोजित नाखुदा हमें कहाँ ले जा रहे हैं? इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।
7. आज के युग में चैनलों की बढ़ती संख्या से हमें क्या संदेश मिल रहे हैं? विवेचन कीजिए।
8. यह संपादकीय सन 1976 के आम बजट के बाद लिखा गया था। क्या आज की परिस्थितियों में कोई बदलाव आया है? तर्कसहित उत्तर दीजिए।
9. 'राजनीति में आम जनता की स्थिति' विषय पर एक निबंध लिखिए।
10. संपादकीय की भाषा-शैली की विशिष्टता के परिप्रेक्ष्य में लेखक के भाषा कौशल पर प्रकाश डालिए।